Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No. PBBIL/26/A0779




Sat - 06 Jun - 2026 | Year - 01 | Issue - 61 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# मुख्यमंत्री भगवंत मान का बड़ा ऐलान: पंजाब में 10 लाख निर्माण मजदूरों का होगा मुफ्त पंजीकरण, सरकार उठाएगी पूरा खर्च



चंडीगढ़, 6 जून। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के निर्माण मजदूरों के लिए बड़ी राहत का ऐलान करते हुए पूरे पंजाब में 10 लाख निर्माण मजदूरों के मुफ्त पंजीकरण और पुराने पंजीकरणों के नवीनीकरण के लिए विशेष राज्यव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत सरकार स्वयं पंजीकरण शुल्क वहन करेगी, जिससे मजदूरों पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार निर्माण मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय सहायता और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बोर्ड के पास 2.21 लाख मजदूर पंजीकृत हैं, जबकि राज्य में तेजी से बढ़ रही निर्माण गतिविधियों को देखते हुए यह संख्या काफी कम है। इसी को ध्यान में रखते हुए बड़े स्तर पर पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अक्सर मजदूर 145 रुपये के पंजीकरण शुल्क के कारण पंजीकरण करवाने से हिचकते हैं। इसलिए इस विशेष अभियान के दौरान न केवल नए पंजीकरण बल्कि नवीनीकरण भी पूरी तरह निःशुल्क किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 10 लाख मजदूरों के पंजीकरण पर आने वाला करीब 15 करोड़ रुपये का खर्च पंजाब सरकार स्वयं वहन करेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों और शहरों में विशेष शिविर लगाए जाएं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के समय शिविर आयोजित किए जाएं ताकि काम से लौटने के बाद अधिक से अधिक मजदूर पंजीकरण करवा सकें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो मजदूर पंजीकरण के एक वर्ष के भीतर किसी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे, उनका पंजीकरण शुल्क भी सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने लेबर चौकों पर मजदूरों के लिए शेड और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम की प्रतीक्षा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने मजदूर कल्याण योजनाओं की प्रक्रिया को भी सरल बनाया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां योजनाओं के लाभ के लिए औसतन 203 दिन का समय लगता था, वहीं अब इसे घटाकर 73 दिन कर दिया गया है। इसके अलावा 50 हजार पंजीकृत मजदूरों को विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण देने की योजना भी बनाई गई है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता और आय में वृद्धि हो सके।

## पंजाब के सभी मतदान केंद्रों पर 7 जून को विशेष शिविर, मतदाताओं से भागीदारी की अपील



चंडीगढ़, 6 जून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान के तहत पंजाब के सभी 24,453 मतदान केंद्रों पर 7 जून, 2026 को एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य मतदाता सूची से संबंधित प्री-मैपिंग प्रक्रिया को तेज और अधिक प्रभावी बनाना है।

पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने बताया कि राज्यभर में आयोजित किए जा रहे इस विशेष अभियान के दौरान बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। वे मतदाताओं को प्री-मैपिंग प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक सहायता और जानकारी उपलब्ध

## पंजाब पुलिस का बड़ा अभियान: 29 हजार से अधिक वाहनों की जांच, 4221 चालान



चंडीगढ़, 6 जून। पंजाब पुलिस ने निजी वाहनों पर गैर-कानूनी रूप से हूटर, सायरन और फ्लैशर लगाने वालों के खिलाफ पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाते हुए पूरे राज्य में 29,324 वाहनों की जांच की। इस दौरान 4,221 वाहनों के चालान किए गए, 48 वाहन जब्त किए गए तथा 465 गैर-कानूनी सिग्नलिंग उपकरण हटाए गए।

डीजीपी गौरव यादव के निर्देशों पर 2 जून से शुरू हुए इस अभियान के तहत पुलिस ने 52 हूटर, 10 सायरन और 403 फ्लैशर जब्त किए। स्पेशल डीजीपी कानून एवं व्यवस्था प्रवीण सिन्हा ने कहा कि हूटर और सायरन केवल आपातकालीन एवं आवश्यक सेवाओं के वाहनों के लिए हैं। निजी वाहनों में इनका उपयोग कानून का उल्लंघन है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

इस बीच, पंजाब पुलिस की 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के 137वें दिन 320 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें सात फरार अपराधी भी शामिल हैं।

## पंजाब में उच्च शिक्षा का नया अध्याय: एआई, रोबोटिक्स और फार्मेसी समेत नए कोर्स शुरू करेगी मान सरकार

चंडीगढ़, 6 जून। पंजाब सरकार राज्य के युवाओं को आधुनिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की है कि सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, गुरदासपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पांच नए उद्योग एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी और औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप तैयार करना है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि नए पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग में बी.टेक, रोबोटिक्स एवं एआई में बी.टेक, बी.फार्मेसी, बी.एससी. एग्रीकल्चर तथा एम.सी.ए., एम.बी.ए. और एम.एससी. के पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये कोर्स विद्यार्थियों को उभरते हुए क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करेंगे और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार उच्च शिक्षा को केवल



डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे रोजगार, नवाचार और उद्यमशीलता से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रट्टा लगाने और केवल परीक्षा-केंद्रित शिक्षा का पुराना मॉडल अब समय के अनुरूप नहीं है। इसलिए सरकार व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्रयोगशाला आधारित अध्ययन, लाइव प्रोजेक्ट्स और वास्तविक समस्याओं के समाधान पर आधारित शिक्षा प्रणाली विकसित कर रही है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक सेमेस्टर की अनिवार्य इंटर्नशिप और उद्योग से जुड़े लाइव प्रोजेक्ट्स में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इससे छात्र पढ़ाई पूरी करने के साथ-साथ उद्योग की आवश्यकताओं को समझ सकेंगे और रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार होंगे। शिक्षा मंत्री के अनुसार यह केवल पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं, बल्कि पंजाब में सीखने और रोजगार की संस्कृति को नई दिशा देने वाला कदम है।

बैंस ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य पंजाब से प्रतिभा और कौशल के पलायन को रोकना भी है। अब विद्यार्थियों और अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी, फार्मास्युटिकल और पेशेवर शिक्षा के लिए अन्य राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। पंजाब के विश्वविद्यालयों को आधुनिक तकनीक, उद्योग की मांग और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है ताकि राज्य के युवा अपने घर के निकट ही विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त कर सकें।

## माइकल जैक्सन से बिरजू महाराज तक: टेरेंस लुईस ने बताए अपने डांस सफर के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत




चंडीगढ़, 6 जून। देश के लोकप्रिय डांस रियलिटी शो 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 5' के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार मशहूर कोरियोग्राफर और जज टेरेंस लुईस ने अपने डांस करियर को आकार देने वाले कलाकारों और गुरुओं के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने उन प्रेरणास्रोतों का जिक्र किया जिन्होंने उनके सोचने, सीखने और कला को देखने के नजरिए को प्रभावित किया।

टेरेंस लुईस ने कहा कि उनकी प्रेरणा कभी किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रही। उनके अनुसार, "मेरी इंस्पिरेशन एक एहसास थी। बचपन में जब मैंने देखा कि इंसानी शरीर उन भावनाओं को व्यक्त कर सकता है जिन्हें शब्दों में कहना मुश्किल है, तभी मुझे महसूस हुआ कि डांस ही मेरी दुनिया है।"

अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए टेरेंस ने बॉलीवुड के स्वर्णिम दौर के कई कलाकारों का नाम लिया। उन्होंने कहा कि शम्मी कपूर का बेफिक्र अंदाज़, गोविंदा की अभिव्यक्ति और जनसामान्य से जुड़ाव, वैजयंतीमाला का आकर्षक व्यक्तित्व, हेलेन की निडरता और माधुरी दीक्षित की बेमिसाल कला ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। उनके अनुसार ये कलाकार केवल नृत्य नहीं करते थे, बल्कि हर प्रस्तुति को जीते थे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रेरणाओं का जिक्र करते हुए टेरेंस ने पॉप के बादशाह माइकल जैक्सन को विशेष श्रेय दिया। उन्होंने कहा, "माइकल जैक्सन ने मुझे सिखाया कि परफॉर्मेंस सिर्फ स्टेप्स या तकनीक का नाम नहीं है, बल्कि आपके पूरे अस्तित्व का उस क्षण के प्रति समर्पण है।" इसके अलावा उन्होंने जर्मन कोरियोग्राफर पीना बाउश का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें यह समझाया कि डांस का उद्देश्य केवल सुंदर दिखना नहीं, बल्कि सच्चाई को व्यक्त करना भी है।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए टेरेंस ने कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज को अपनी सबसे बड़ी प्रेरणाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य में भावनाओं को अभिव्यक्त करने की जो क्षमता है, वह उन्हें कला का सर्वोच्च रूप प्रतीत होती है।



herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.